# कृषि विज्ञान केन्द्र,करौली
# Krishi Vigyan Kendra, Karauli
गांव एकोराषी–पोस्ट,ढिढोंरा–हिण्डौनसिटी– करौली.322230 (राजस्थान)
Village-Akorashi, Post-Dindora,Hindaun city –Karauli 322230 (Rajasthan)
(कृषि विश्वविद्यालय,कोटा)
(Agriculture University, Kota)

**Dr.Bacchu Singh**
**Senior Scientist & Head**

Email- kvk.hnd.karauli@ gmail.com
Mobile No.9414974292

एफ.25( )/कृविके/हिण्डौन/2025–26/26 Dated : 03.05.2025

## खुली निविदा सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, करौली पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं प्रसार गतिविधियों में प्रशिक्षणार्थियो/प्रतिभागियों के लिये नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं प्रसार गतिविधियों में नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन पर अनुमानित खर्च 4.00–4.50 लाख आने की संभावना है। निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यालय दिवस में दिनांक 03 मई 2025 से उपलब्ध रहेगा, जिसे 500/– रूपये नेफ्ट **NEFT**/यूपीआई **UPI** द्वारा हस्तान्तरण कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक व समय 15 मई 2025, गुरूवार को सुबह 11:00 बजे तक रहेगा। निविदा दिनांक 15.05.2025 गुरूवार दोपहर 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र जमा करवाते समय धरोहर राशि 10,000 (दस हजार रूपये) मात्र का नेफ्ट **NEFT**/यूपीआई **UPI** द्वारा जमा करवाना होगा। निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तें **http://SPPP.rajasthan.gov.in** तथा विश्वविद्यालय की **http://aukota.org** से डाउनलोड कर भी प्राप्त की जा सकती है। यदि निविदाऍं उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की है तो निविदा प्रपत्र शुल्क का अतिरिक्त नेफ्ट **NEFT**/यूपीआई **UPI** द्वारा हस्तान्तरण की रसीद अलग से (धरोहर राशि के अलावा) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क की कुल एक मुश्त राशि **“कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र,हिण्डौन”** (**Programme Coordinator, KVK , Hindaun** ) के ICICI बैंक हिण्डौनसिटी के खाता संख्या **686301133335** में **RTGS/NEFT/UPI** द्वारा जमा कराने की रसीद प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र दिये जावेगें।

(डॉ. बी.एस. मीना)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
केविके, करौली

<u>प्रपत्र–1</u>

**टेण्डर फार्म संख्या 2025–26 / भोजन / 26**

निविदा / केवीके / हिण्डौन / भोजन आपूर्ति / 2025–26 / 26 दिनांक : 03.05.2025

सेवा में
श्रीमान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र ,करौली

द्वारा–

निविदादाता का नाम मय पिता / पतिः.................................................................................................

स्थाई पता .........................................................................................................................

........................................... ..........................................................................................

पत्र व्यवहार का पता ............................................................................................................

.................................................................................................................................

ईमेल .........................................................................................................................

दूरभाष नं. (कार्यालय) :.................................................................घर ......................................................................

**मोबाईल नं.** :..............................................................................................................................

फेक्स नं. :.....................................................................................................................

श्रीमान् मै / हम कृषि विज्ञान केन्द्र, हिण्डौन सिटी,करौली द्वारा केन्द्र पर व केन्द्र के बाहर विभिन्न गांवो में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों व अन्य कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नाश्ता व भोजन व्यवस्था हेतु अनुबंध से संबंधित सभी सामान्य सूचनाऐं, नियम व शर्तें पढ़ चुका हू. / चुके है व मै / हम अपनी सेवाऐं संलग्न सूची व निविदा शर्तो के अनुसार देने के लिए अपनी सहमति प्रदान करता हूं / करते है। मैं / हम अनुबंध करने के नियम व शर्तो को समझ चुके है व हम आपकी जरूरत के अनुरूप उत्तम सेवाऐं देंगे। इस निविदा के संबंध में निम्न पत्र ......................से..................तक संलग्न किये जा रहे है। इस निविदा हेतु मेरे द्वारा संलग्न किये गये सभी प्रपत्रों पर मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर अंकित है। निविदा फार्म के साथ अमानत राशि ........................रू. / –(चेक / डीडी संलग्न)व निविदा फार्म शुल्क रू....................कुल राशि रू...............................(रसीद / डीडी)संख्या.............................. दिनांक........................द्वारा जमा करा दिया गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

पता..............................................................................

..............................................................................

साक्षी का नाम व हस्ताक्षर

पता.............................................

.........................................................

# कृषि विज्ञान केन्द्र : करौली)

प्रसार शिक्षा निदेशालय,कृषि विश्वविद्यालय, कोटा (राज0)

## प्रपत्र–2

टेण्डर फार्म संख्या 2025–26 / भोजन / 26

निविदा / केवीके / हिण्डौन / भोजन आपूर्ति / 2025–26 / 26 दिनांक : 03.05.2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा / केवीके / हिण्डौन / भोजन आपूर्ति / 2025–26 / दिनांक 03.05.2025 द्वारा वर्ष 2025–26 में केन्द्र पर व केन्द्र के बाहर विभिन्न गांवो में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों व अन्य कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों को चाय, नाश्ता व भोजन व्यवस्था हेतु निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न मेन्यू के अनुसार अपनी दरे अंकित करें।

## प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दी जाने वाली भोजन की दर

| क्र. स. | विवरण | दर प्रति डाईट प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| **अ) भोजन सामग्री** | | |
| 1. | चुपड़ी रोटी, स्पेशल सब्जी (मटर पनीर, शाही पनीर आदि), दाल फ्राई, चावल, सलाद, गुलाब जामुन / मिठाई 2 नग (100ग्राम) | |
| 2. | पूड़ी, मिक्स सब्जी, सब्जी आलूछोला / आलूमटर / आलूटमाटर, नमकीन, नुकती | |
| 3. | खीर, पुआ / पूडी, पकौड़ी व सब्जी मिक्स,दाल | |
| 4. | चूरमा, वाटी, पुलाव, चटनी, दाल, कडी या गटटा सब्जी, सलाद मौसमी (खीरा,टमाटर, नीबू, प्याज, मूली आदि) | |
| 5. | भोजन डिब्बा पैक–पूडी 300 ग्राम, सूखी सब्जी, आचार, गुलाबजामुन / बरफी–1 नग, नमकीन 25ग्राम | |
| **ब) नाश्ता** | | |
| 1. | पोया फुल प्लेट, जलेबी 100 ग्राम, चाय फुल (150एमएल) | |
| 2. | कचोरी / समोसा 1 नग, इमरती / बरफी / खीर मोहन 01 नग, चाय फुल (150एमएल) | |
| 3. | चाय फुल, 4 बिस्किट | |

उपरोक्त दरें मैं अपने खुले दिमाग व होश–हवाश में भर कर दे रहा हूं / रही हूं तथा निविदा फार्म के साथ संलग्न सभी शर्ते स्वीकृत है तथा उपरोक्त मेन्यू के अनुसार चाय, नाश्ता व भोजन देने के लिए मैं पाबन्द रहूंगा / रहूंगी।

हस्ताक्षर निविदादाता

मय फर्म के रबर स्टाम्प के साथ

## प्रपत्र–3

**टेण्डर फार्म संख्या 2025–26/भोजन/26** **निविदा फार्म** शुल्क 500/–रू.

**निविदा संख्या ...... दिनांक 03.05.2025 की विशेष नियम व शर्ते**

1. निविदा मे भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को सक्षम विभाग मे पंजीकृत व खाद्य लाईसेंस होना आवश्यक है (प्रतिलिपि संलग्न करे) तथा निविदादाता के पास वैध पेन /टिन/जी.एस.टी नम्बर होना चाहिए। (सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करे)
2. निविदा फार्म कृषि विज्ञान केन्द्र एकोराशी, हिण्डौनसिटी (करौली) में दिनांक 15.05.2025 को 11.00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्र शामिल नहीं किया जाऐगा। निविदाऐ दिनांक 02.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे केन्द्र द्वारा गठित कमेठी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जाऐगी।
3. भोजन आपूर्ति पर लगभग(अनुमानित) 4 लाख रूपये का नियोजन हो सकता है अतः निविदा दाता को निविदा फार्म के साथ 2 प्रतिशत की दर से 8000/– रूपये (आठ हजार रूपये) धरोहर राशि चेक/डीडी द्वारा **Programme Coordinator,KVK,Hindaun** के नाम जमा करानी होगी या केन्द्र के ICICI बैंक हिण्डौनसिटी के खाता संख्या 686301133335 में जमा की जा सकती है। कृषि विश्वविद्यालय कोटा व राज्य लोक उपापयन पोर्टल से डाउनलोड निविदा जमा कराते समय निविदा शुल्क 500/– (रूपये पांच सौ रूपये) तथा धरोहर राशि 8000/–(आठ हजार रूपये) इस प्रकार कुल 8500/– रूपये (आठ हजार पांच सौ रूपये) चेक अथवा डीडी कार्यकम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र ,हिण्डौनसिटी के नाम जमा कराकर रसीद निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा बिना धरोहर राशि के मान्य नही होगी तथा निरस्त कर दी जाऐगी।
4. असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लौटा दी जाऐगी।
5. सफल निविदादाता की निविदा स्वीकृति पश्चात कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र हिण्डौनसिटी के कार्यालय मे 5 प्रतिशत की दर से 20000/–रू. (रूपये बीस हजार मात्र) सुरक्षा राशि जमा करानी होगी। सफल निविदादाता के संदर्भ मे धरोहर राशि को सुरक्षा राशि मे समायोजित कर लिया जायेगा तथा शेष राशि **Programme Coordinator,KVK,Hindaun** के कार्यालय में तीन दिन मे चेक/डी.डी या केन्द्र के ICICI बैंक हिण्डौनसिटी के खाता संख्या 686301133335 में जमा की जा सकती है। कार्यालय मे सुरक्षा राशि पर कोई ब्याज नही दिया जायेगा।

6. निविदा दरें निविदा अनुमोदन के पश्चात व कार्यादेश जारी होने से 12 महीने के लिये मान्य होगी। आपसी सहमति से यह अवधि बढाई जा सकती है।

7. दर में सभी प्रकार के कर शामिल होंने चाहिए। अधोहस्ताक्षरकर्ता को नियमानुसार सरकार द्वारा घोषित आयकर/अन्यकर कटोती करने का अधिकार होगा तथा भुगतान सम्बन्धित खाते मे ट्रासफर किया जावेगा।

8. निविदादाता के निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर होने चाहिए। निविदा व निविदा से संम्बंधित संलग्न दस्तावेजो पर हस्ताक्षरकर्ता यह स्पष्ठ करे कि वह (स्त्री/पुरूष) व्यक्तिशः स्वामित्व या फर्म के भागीदार या संबंध प्रतिनिधि के रूप मे प्रतिनिधित्व कर रहा है। **वह व्यक्ति जो निविदा प्रपत्र पर किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्ताक्षर करता है तो उसे अधिकार पत्र संलग्न करना होगा।**

9. **निविदादाता को भोजन पकाते समय पानी ,विजली की आपूर्ति व साफ –सफाई हेतु 100/–रू. (सौ रूपये) प्रतिदिन की दर सें केन्द्र पर जमा कराने होगे।**

10. संलग्न प्रपत्र में दरे प्रति डाईट प्रति व्यक्ति के आधार पर देवे।

11. निविदादाता को रसोई गृह, भोजन स्थल व संबंधित क्षेत्र को व्यवस्थित, साफ–स्वच्छ स्थिति में रखना होगा तथा केन्द्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन व अन्य खाद्य पदार्थो को स्वच्छ वातावरण में केन्द्र की भोजनशाला मे ही तैयार करना होगा।

12. भोजन पकाने हेतु कच्चा सामान मानव खाद्य श्रेणी व एगमार्क ब्राण्ड का होना चाहिए। शुद्ध खाद्य तेल व आवश्यकतानुसार देशी घी का ही प्रयोग करना होगा। इस उद्देश्य हेतु गठित कमेटी को यह अधिकार होगा की वे कच्चे सामान व खाने की गुणवत्ता का समय समय पर निरीक्षण करेगें व सामान व खाना असंतोषजनक पाये जाने पर उस सामान को निरस्त कर सकेगें। निरस्त सामान को कमेटी के समक्षं नष्ठ करना होगा। इस हेतु कोई मुआवजा नही दिया जायेगा।

13. खाना खाने से प्रशिक्षणार्थियों को किसी प्रकार का दुष्प्रभाव होने पर निविदा निरस्त की जा सकती है तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है जिसके लिए निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

14. निविदादाता जिसके नाम पर निविदा खुली है उसे ही भोजनशाला चलानी होगी। किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को अनुबंध/ हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा ऐसा करने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

15. निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी की वह मजदूरी व भोजन के विधि नियमों की पालना कठोरता से करे। खाना पकाने हेतु व्यवसायिक गैस का उपयोग करना होगा।

16. अवकाश के दिन भी आवश्यकता पडनें पर भोजन व्यवस्था करनी होगी।
17. बार –बार असंतोषप्रद सेवाऐ पाये जाने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदादाता को 07 दिन का नोटिस देकर उसकी निविदा को केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष को निरस्त करने का अधिकार होगा।
18. निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।
19. अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई मतभेद होने पर केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा दिया गया निर्णय ही अन्तिम व मान्य होगा।
20. भोजन परोसने हेतु साफ बर्तन अथवा पत्तल,दोने,व गिलास प्रतिबंधित प्लास्टिक के नही होने चाहिए।
21. महिला प्रशिक्षणार्थी के साथ आने वाले 5 वर्ष तक के बच्चे को निशुल्क भोजन देना होगा। जिसका अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा।
22. निविदादाता को भोजन पकाने व परोसने हेतु पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नियुक्त करेगा तथा उनको शिष्ठता का अनुसरण करना होगा। भोजन खिलाते समय परोसने व पानी की व्यवस्था स्वयं निविदादाता की होगी।
23. आवश्यकता पडनें पर केन्द्र से बाहर भी चाय,नाश्ता व भोजन की व्यवस्था करनी होगी जिसके लिए अलग से कोई भुगतान देय नही होगा।
24. प्रति प्रशिक्षण में 25–50 प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे। प्रशिक्षणार्थियों की संख्या कम होने पर प्रशिक्षण निरस्त किया जा सकता है।
25. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र हिण्डौनसिटी (करौली) को बिना किसी कारण बताऐ निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।
26. किसी भी प्रकार के विवाद होने पर न्याय क्षेत्र हिण्डौन होगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

मुझे (निविदादाता) समस्त उपरोक्त शर्ते मजूंर है एवं मे उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए तैयार हूं।

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**मय फर्म के रबर स्टाम्प के साथ**